श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
26.04.2024
वैशाख कृष्णपक्ष द्वितीया, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 241

**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:24 बजे
अस्त - 06:22 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 42 डिग्री से.
न्यूनतम : 27 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

सीआरपीएफ डीआईजी सपरिवार पहुंचे चतुर्भुजी मंदिर >> पेज 03 | खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र >> पेज 04

## सुविचार

किसी भी कर्म में अगर हमारी नियत साफ है तो भगवान किसी न किसी रूप में आकर हमारी मदद कर ही जाते हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड में चार सीटों पर अंतिम दिन 25 नामांकन

**रांची।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नॉमिनेशन का अंतिम दिन 25 अप्रैल था। झारखंड में चार सीटों पर चौथे चरण में मतदान होना है। नॉमिनेशन के आखिरी दिन 65 नॉमिनेशन फॉर्म दाखिल किये गये, जिसमें 25 नये प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। झारखंड में चार लोकसभा सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू के लिए 144 नॉमिनेशन फॉर्म 65 प्रत्याशियों ने दाखिल किए जिसमें सिंहभूम से 21, लोहरदगा से 17, खूंटी से 16 और पलामू से 11 प्रत्याशी मैदान में उतरे है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड नेहा अरोड़ा ने कहा की स्क्रूटनी के बाद ही प्रत्याशियों की संख्या स्पष्ट होगी। वहीं नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है।

### सिलिंडर विस्फोट में 5 लोग झुलसे

**गिरिडीह।** नगर थाना इलाके के बजरंग चौक के पास गुरुवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। सिलेंडर फटने से पांच लोग घायल हो गए। घायलों में अमन गुप्ता, अनिल गुप्ता, मंजू देवी, डॉली सलूजा और हर्ष सलूजा शामिल हैं। घायलों में से तीन का इलाज विश्वनाथ नर्सिंग होम तो दो लोगों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। बताया जाता है कि पंजाबी मुहल्ला निवासी डोली सलूजा और उनका पुत्र हर्ष सलूजा शाम छोटे वाले गैस सिलेंडर में गैस भराने के लिए शहर के बजरंग चौक स्थित एक दुकान पहुंचा था। लेकिन गैस रिफिलिंग करने के दौरान अचानक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। इस घटना में दो महिला समेत पांच लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं।

### गुमला. कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने किया नामांकन

# भाजपा बहुरूपिया पार्टी है, इससे सावधान रहें : चंपाई



**गुमला।** कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत द्वारा नोमिनेशन फाइल करने के बाद नगर भवन में गुरुवार को चुनावी सभा आयोजित की गई। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जम कर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा बहुरूपिया पार्टी है। इससे सावधान रहने की जरूरत है। ये प्रचार में इतना माहिर है कि लोग भ्रम में पड़ जाते हैं। यह पार्टी 400 पार का नारा दे रही है। यदि इस पार्टी को नहीं रोका गया तो भाजपा आदिवासियों की जमीन लूट लेगी और उन्हें जंगलों और कोयला वाले क्षेत्रों से उखाड़ फेंकेगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आदिवासी अधिकारों की रक्षा करने वाले विभिन्न कानूनों में संशोधन करने के प्रयास का पुरजोर विरोध किया जाएगा । मुख्यमंत्री ने कहा कि """"भाजपा सरकार ने वन अधिकार अधिनियम में संशोधन किया है । जिसके तहत ग्राम सभा की शक्ति छीन ली गई है। इसी तरह, कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम और छोटानागपुर में भी संशोधन करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र ने संशोधनों के माध्यम से रणनीतिक रूप से आदिवासियों को जंगल, कोयला वाले क्षेत्रों और अन्य स्थानों से बाहर निकालने की योजना बनाई है। सीएम ने दावा किया कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हार नहीं मिली तो आदिवासियों को उनकी जमीन से उखाड़ दिया जाएगा। श्री सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा की इस रणनीति को समझ गये थे। इसलिए, उन्हें जमीन के मुद्दे पर जेल में डाल दिया गया।

उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने राज्य की शिक्षा, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम किया है ताकि सभी के लिए रोटी, कपड़ा और मकान सुनिश्चित किया जा सके। श्री सोरेन ने महा गठबंधन दलों के सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

## दूसरे चरण का मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान निर्धारित है। इसमें 6 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

**किन सीटों पर होगा मतदान**

इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हसन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान होगा। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एनार्कुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान होगा। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ, मथुरा, बुलन्दशहर; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान होगा।

## दो आईपीएस बदले अधिसूचना जारी

**रांची।** चुनाव आयोग की सहमति के बाद राज्य सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है। जेएपीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित चंदन झा को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है, जबकि पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 कमांडेंट बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार की देर शाम गृह, कारा एवं आपदा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## छत्तरपुर में नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनडीह गांव के नजदीक सुखनदिया (मंदेया) नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों महुआ चुनने के लिए गयी थीं। नदी में नहाने के दौरान दोनों डूब गईं। लड़कियों की पहचान अर्जुनडीह निवासी राशीद अंसारी की पुत्री 10 वर्षीय आपदा खातून एवं 8 वर्षीय आजरा खातून के रूप में हुई है। दोनों के शव नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे दोनों बहनें गांव के पास में महुआ चुनने गई थीं। आपदा एवं आजरा के साथ गांव की तीन बच्ची भी साथ में महुआ चुनने गयी थीं। इसी क्रम में पांचों बच्चियां सुखनदिया (मंदेया) नदी में उतरकर नहाने चली गईं। आपदा नहाते के दौरान आगे बढ़ गई और बीच में बने 10 फीट गहरे गड्ढे में समा गयी। उसके पीछे उसकी छोटी बहन आजरा भी चली गई। जबदोनों नदी से बाहर नहीं निकलीं तो अन्य तीनों बच्चियों ने गांव में जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। गांव के लोग बच्चियों के साथ नदी के पास में गए और नदी में खोजने के लिए उतरे। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों के शव बाहर निकाले गए। गांव के लोगों में इस घटना से काफी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बालू माफिया द्वारा जेसीबी से बालू निकाला जाता है और जगह-जगह पर दस-दस फीट के गड्ढे बना दिए हैं। इन गड्ढों में पानी जमा हुआ था। बालू माफिया की वजह से दोनों बच्चियों की जान चली गई है।

## शादी के छह दिन बाद युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई बाजार में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। युवक की शादी 18 अप्रैल को हुई थी। वह अपनी साली की शादी में शामिल होने के लिए तेतराई गया था। बुधवार को वह बाइक से तेतराई बाजार जा रहा था कि अचानक एक कुत्ता सामने आ गया, जिससे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घायल युवक को पांकी सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे डालटनगंज भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के दुलही गांव निवासी गुड्डन कुमार (24) पिता इंद्रदेव राम के रूप में हुई है। 18 अप्रैल को उसकी शादी नावाजयपुर में हुई थी। शादी में उसे मोटरसाइकिल मिली थी।

### सेवानिवृत्ति जज एमवाई इकबाल की जमीन की बाउंड्री तोड़ने पर सुनवाई

# भू-माफियाओं के खिलाफ सख्ती करें




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़ कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि राज्य के जिलों में टास्क फोर्स को मजबूत बना कर भू माफियाओं, फिरौती की मांग करनेवालों और महिला हिंसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में राज्य सरकार को टास्क फोर्स द्वारा जिलों में की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से भू माफियाओं, महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवालों एवं फिरौती मांगने वालों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर कोर्ट ने सरकार से पूछा कि जमीन माफियाओं, फिरौती मांगने वालों एवं महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवाले अपराधियों जिन्हें अदालत से जमानत नहीं मिली है उनकी गिरफ्तारी के लिए क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने राज्य सरकार को झारखंड में हो रहे साइबर क्राइम पर भी अंकुश लगाने का भी निर्देश दिया। साथ ही यह भी पूछा कि अगर फिरौती को लेकर किसी के पास विदेश या देश के अन्य राज्यों से कोई फोन कॉल आता है तो उसे ट्रेस करने के लिए क्या तरीका इस्तेमाल किया जाता है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता सहबाज अख्तर ने पैरवी की।

## मतदान के लिए प्रवासी मजदूरों से बात करेगा आयोग



**रांची।** चुनाव आयोग झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग कार्यालय में श्रम विभाग के साथ बैठक कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन्न सिक्युरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर आयोग की मंशा से अवगत कराते हुए उनके यहां कार्यरत प्रवासी कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्युरिटी एजेंसियों को आरपी एक्ट के तहत कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें।

# पलामू. अंतिम दिन तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा सीट पर चौथे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर चल रहा नामांकन कार्य गुरुवार को समाप्त हो गया। नामांकन के सातवें दिन एक निर्दलीय प्रत्याशी समेत तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस तरह अब तक कल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 29 अप्रैल को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके बाद शेष बच गए प्रत्याशियों के बीच सिंबल आवंटित कर दिया जाएगा। अंतिम दिन गुरुवार को नामांकन दाखिल करनेवाले प्रत्याशियों में बहुजन मुक्ति पार्टी के रामवचन राम, निर्दलीय गणेश रवि व राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तुरी शामिल हैं। इससे पूर्व चौथे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के सनन कुमार, पांचवें दिन मंगलवार को बसपा के प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भाकपा के अभय कुमार भुइयां व पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम व छठे दिन भाजपा के विष्णु दयाल राम, भागीदारी पार्टी(पी) के सत्येन्द्र कुमार पासवान, एसयूसीआई(सी)के महेंद्र बैठा व राजद की ममता भुईयां ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन को लेकर गुरुवार को भी कचहरी परिसर में काफी गहमागहमी रही। शहर के कई चौक-चौराहे पर पुलिस बल तैनात थी। वहीं कई जगह दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी

## न्यूज अपडेट्स

### चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी का नामांकन 30 को

**मेदिनीनगर।** चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी का नामांकन 30 अप्रैल को होगा। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय में के एन त्रिपाठी ने गुरुवार को बैठक की। संचालन पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी ने किया। अध्यक्षता खुर्शीद आलम ने की। अमुक प्रियदर्शी ने कहा कि पार्टी हर एक स्तर पर मजबूत है और अब हमें गांव की ओर चलने की जरूरत है। प्रखंड के अध्यक्ष अब गांव की ओर जाकर लोगों को समझाएं और पार्टी के आने वाले एजेंडा के बारे में बताएं कि लोकल प्रत्याशी जो आप लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। के.एन त्रिपाठी 1532 ई. के खतियानी हैं, जो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। मौके पर चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि गरीब बेरोजगार को रोजगार देने संबंधित एजेंडा तैयार किया गया है और पार्टी हर एक बूथ स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी, जो बेरोजगारों को चिन्हित कर बताएगी।

### आम चुनाव ▶ इंडि गठबंधन नेताओं की बैठक, रामनाथ चन्द्रवंशी बने संयोजक

# पलामू से इंडि गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां की जीत तय : गौतम सागर राणा

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** राजद के लोकसभा प्रभारी गौतम सागर राणा ने कहा कि इस बार पलामू लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां की जीत निश्चित है। इसके लिए गठबंधन के सारे लोग कमर कर चुके हैं। वे होटल चंद्रा रेजिडेंसी में इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं की बैठक में बोल कर रहे थे। श्री राणा ने कहा कि पलामू में भाजपा प्रत्याशी के कारनामों को जनता जान चुकी है। अब उनका इस बार सूपड़ा साफ होने वाला है। बैठक में तीन प्रभारी बनाए गए, जिसमें आप के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल को गठबंधन के प्रवक्ता सह प्रेस प्रभारी, झामुमो के सन्नी शुक्ला को सोशल मीडिया प्रभारी, राजद के रामनाथ चंद्रवंशी को मुख्य संयोजक बनाया गया। बैठक में इन्हें कई जिम्मेदारियां दी गई। सभी घटक दलों के प्रमुख नेताओं के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम और प्रेस के अलावा सोशल मीडिया की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी घटक दल के नेता प्रखंड स्तर के गठबंधन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक कर सामान्वय स्थापित करें। बैठक में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, झामुमो के अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, आप के प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल, जिला संयोजक चंद्रावली चौबे, वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष भरदुल चौधरी, माले नेता रामराज पासवान के अलावा प्रदेश युवा राजद के रंजन कुमार यादव, अनिता यादव, रामदेव यादव, राजेश रोशन, विश्वनाथ राम घूरा, कमाल खान, अरुण वर्मा के अलावा अन्य लोग शामिल थे।



### सीपीआई ने जारी किया घोषणा पत्र : युवाओं को रोजगार, पलामू को विशेष पैकेज एवं सिंचाई पर जोर

**मेदिनीनगर :** भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, लोकसभा प्रत्याशी अभय कुमार भूइंया, सच्चिदानंद सिंह, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, सोहैल अख्तर ने आज कचहरी परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में पलामू लोकसभा क्षेत्र के सभी खेतों में सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था, पलामू जिला में नए उद्योग लगाकर नौजवानों के लिए रोजगार सृजन, बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल एवं अस्पतालों पर्याप्त दवाई की व्यवस्था, समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे गरीब मेहनतकश मजदूर वर्ग, आदिम जनजातियों व शोषित वंचितों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराकर पलामू के लिए विशेष पैकेज की मांग, सभी प्रखंडों में व्याप्त घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाना पार्टी की पहली प्राथमिकता होगी। नगर निगम क्षेत्र सहित पूरे जिले में व्याप्त जल संकट को दूर कर सभी तालाबों-नदियों को अतिक्रमण मुक्त कर जल स्रोतों को बचाने के साथ साथ पलामू जिला के नौजवानों पर विशेष रूप से ख्याल पर जोर है।। बंद पड़े खदानों को चालू कर स्थानीय युवाओं को रोजगार देकर पलायन पर रोक लगाने पर फोकस है। घोषणा पत्र में माता शबरी को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए संसद में कानून लाने तथा 24 फरवरी को शबरी माता की जयंती एवं 1 मई को विश्व मजदूर दिवस, परशुराम जयंती एवं वीर कुंवर सिंह जयंती पर राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करवाने की कोशिश का वादा है।

### श्री बंशीधर नगर के पुष्कर ने जेईई में सेशन 2 में हासिल किए 99.54 अंक



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर के उसका कला निवासी ब्रजेन्द्र चतुर्वेदी के पुत्र पुष्कर चतुर्वेदी ने जेईई में सेशन 2 में 99.54 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दक्षिण भारत के बड़े महानगर कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में श्री बंशीधर नगर का गौरव बढ़ाया है। सामान्य श्रेणी में पुष्कर का 7425 रैंक है। पुष्कर अब एडवांस की परीक्षा में जुट गया है, वह बेहतर प्रदर्शन के लिए बेहद आशान्वित है। पुष्कर शुरू से मेधावी छात्र रहा है। उसने 2021 में बेंगलुरु में स्थित संत एना हाईस्कूल से हाईस्कूल की परीक्षा पास की है। 98.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर के साथ साथ वह बेंगलुरु के टॉप टेन में शामिल रहा है। उसने 2023 में क्रिस्ट एकेडमी बेंगलुरु से इंटर पास की है। 96.4 प्रतिशत अंक के साथ कॉलेज टॉपर होने के साथ साथ बेंगलुरु के टॉप टेन में शामिल रहा है।

## बीडीओ ने प्रखंड टॉपर कोमल को किया सम्मानित

बंशीधर न्यूज



**छतरपुर :** प्रखंड स्तर पर मैट्रिक की परीक्षा में टॉप करने वाली छात्रा कोमल कुमारी को छतरपुर के बीडीओ आशीष कुमार साहू ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। कोमल कवल बास बालिका हाईस्कूल की छात्रा हैं। वह आइएएस अधिकारी बनना चाहती हैं। बीडीओ ने कोमल को बताया कि उन्हें किसी भी तरह का काउंसलिंग चहिए तो उनसे संपर्क कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने कोमल के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं कोमल ने सम्मान के लिए बीडीओ का आभार व्यक्त किया। उस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, प्रधान सहायक नवाब खान, पंचायत कोऑर्डिनेटर विवेक श्रीवास्तव, आवास कोऑर्डिनेटर संतन गुप्ता, बीपीआरओ संतोष पासवान व बबलू चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को हम सांसद नहीं, मंत्री चुनेंगे : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर :** एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के नॉमिनेशन मौके पर नगर निगम के,पूर्व महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में पैदल रैली निकली। गाजे बाजे के साथ निकली पैदल रैली में भाजपा की महिला पदाधिकारी, महिलाएं, युवा, लड़कियां केसरिया रंग का साफा पहने चल रही थी। पूर्व महापौर ने कहा कि हम भाजपा एवं शहर की महिलाओं ने अपने सांसद को ऐतिहासिक मतों से विजय कर पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया है, ताकि हमारे सांसद इस बार सांसद नहीं मंत्री बनें और हमारे क्षेत्र का विकास हो।

### छत्तरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा

# भाजपा इस बार हैट्रिक लगाएगी



**मेदिनीनगर :** विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पलामू लोकसभा सीट से भाजपा इस बार हैट्रिक लगाएगी। भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के नामांकन के बाद पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से समर्थकों के साथ पहुंची विधायक ने कहा कि पलामू सांसद प्रत्याशी वीडी राम का नामांकन ऐतिहासिक रहा है। वीडी राम की जीत के साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार भी 400 सीटें प्राप्त कर तीसरी बार सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी श्री राम को जीतने के लिए कार्यकर्ता कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री राम इस बार पिछली बार से भी ज्यादा अंतर से जीत दर्ज करेंगे। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार, अशोक तिवारी, राकेश पाण्डेय, मजहर खान, अरुण दूबे, मंडल अध्यक्ष यमुना सिंह, उपाध्यक्ष जीतेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल पाठक, महामंत्री राकेश कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष राधेश्याम मेहता, विधायक प्रतिनिधि मनोज राम, अशोक यादव, महामंत्री सुजाता सिंह, कांति सिंह, जितेंद्र सिंह, सुनील पाण्डेय, विनय सिंह, वैद्यनाथ विश्वकर्मा, गोपाल प्रसाद, गुड्डू सिंह, कुश सिंह, कमलेश प्रसाद, नारद राम, राज सागर, रौशन सिंह, सतेन्द्र सिंह व अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शादी समारोह में मायके जा रही वृद्धा सड़क पार करते हादसे का शिकार

**मेदिनीनगर।** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 दुबटिया मोड़ पर गुरूवार की अहले सुबह एक 65 वर्षीया वृद्धा हादसे का शिकार हो गयी। महिला सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पति के सामने ही महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। महिला की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना क्षेत्र के तेतराई गांव निवासी रामकली देवी पति शिव प्रसाद ठाकुर के रूप में हुई है। रामकली अपने पति के साथ बिहार से दुबटिया मोड़ पर किसी वाहन से उतरी थी और फिर अपने मायके बभंडी जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फिर मौके से फरार हो गया। घटना सुबह 5 बजे हुई। घटना के वक्त महिला के पति भी मौके पर थे। बावजूद अपनी पत्नी को बचा नहीं सके। दरअसल, वाहन से उतरने के बाद शिव प्रसाद लघुशंका (पेशाब) कर रहे थे। इसी बीच महिला सड़क पार करने लगी और हादसे का शिकार हो गयी। रामकली और शिवप्रसाद बभंडी गांव में अवध ठाकुर के घर जाने के लिए पहुंचे थे। रामकली का बभंडी में मायके है और यहां किसी रिश्तेदार की शादी थी। घटना की सूचना मिलने पर बभंडी गांव के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस भी सूचना के बाद मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा के नॉमिनी को दिया गया दो-दो लाख रुपये का चेक



## शिविर में महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के प्रति किया गया जागरूक

बंशीधर न्यूज

**मेराल :** पश्चिम पंचायत सचिवालय के बगल स्थित सामुदायिक भवन में स्वयंसेवी संस्था अग्रगति इंडिया की ओर से वित्तिय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवी अग्रगति संस्था का परिचय के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई। इस दौरान सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, साईबर क्राईम से संबधित जानकारी देते हुये डिजिटल लेन देन करने के लिये लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाना गांव के बीमा धारक के असामयिक निधन के पश्चात उनके नॉमिनी उपेंद्र उरांव एवं अरंगी की मंजू कुंवर को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का दो-दो लाख रुपये का चेक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मेराल के शाखा प्रबंधक उज्जवल कुमार, संस्था के सीएफएल डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रूपेश कुमार ठाकुर, मेराल सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा के द्वारा प्रदान किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सीएफएल प्रशिक्षिका अंजू कुमारी, सीमा कुमारी, मनीष वैद्य, पीआरपी समीना, बैंक सखी उर्मिला कुमारी, शहनाज बानो, रीता कुमारी, रानी देवी, अनीता भारती जेएसएलपीएस के डीपीएम, बीपीएम, सीसी के साथ कई लोग शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### 32 मवेशियों को ग्रामीणों में बांटा

**केतार :** पुलिस ने तस्करी के लिये ले जाये जा रहे 32 पशुओं को जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक प्रखंड के परती कुशवानी के अमवाडीह गांव में गत रात्रि गौ तस्करों द्वारा भारी संख्या में मवेशी को तस्करी कर दुसरे जगह ले जाने की तैयारी में थी। परंतु अमवाडीह गांव के ग्रामीणों ने देखा कि अभी रात करीब एक दो बजे बड़ी संख्या में पशुओं को ले जाया जा रहा है, तो इसकी जानकारी तत्काल केतार थाना प्रभारी को दी, जैसे ही केतार थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल को इसकी जानकारी प्राप्त हुआ उन्होंने तुरंत अपने दल-बल के साथ स्थल पर पहुंच गये और सभी पशुओं को अपने कब्जे में ले लिया। इधर पुलिस को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर सभी लोग भाग निकले। उक्त स्थल पर लगभग 30-32 की संख्या में पशु पाये गये। सभी पशुओं को थाना प्रभारी ने अपने देख-रेख में वहां के ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिये। थाना प्रभारी श्री वर्णवाल ने कहा कि यदि किसी भी ग्रामीणों को इस तरह की सूचना मिलती है तो वे तुरंत थाना को सूचित करें, आपका नाम उजागर नहीं किया जायेगा।

**सम्मान** सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# टॉप 10 विद्यार्थी सम्मानित

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2024 में विद्यालय स्तरीय टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, अभिभावक ब्रजेश कुमार चौबे, गिरजा शंकर पांडेय, शशि मोहन चौबे, रवि शंकर सिंह, राकेश कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि आगे की पढ़ाई नियमित कक्षाएं कर करें। आपका नींव मजबूत हो गया है, अब आगे भवन का निर्माण मजबूती से करें और हमारी यह अभिलाषा है कि आप में से कोई यूपीएससी क्वालीफाई करें। अशोक कुमार सिंह ने कहा कि लेबर नेवर गोज इन भेंन। आप सभी भैया-बहन मेहनत करके परचम लहराया जो परिवार विद्यालय और समाज के लिये गौरव की बात है। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बच्चों को शुभकामना देते हुये कहा कि आप सभी भैया-बहन ने कठिन परिश्रम करके विद्यालय का नाम रौशन किया। आप सभी भैया-बहन इसी तरह आगे भी परचम लहराते रहें। प्रधानाचार्य ने इस कार्यक्रम में घोषणा करते हुये कहा कि अगले वर्ष जो भैया-बहन 97% से ऊपर अंक लायेंगे उन्हें अपने तरफ से 5 हजार रुपये की राशि तथा आचार्य सुजीत कुमार दुबे की तरफ से भी 5 हजार रुपये की राशि प्रदान की जायेगी तथा विद्यालय ग्यारहवीं कक्षा की पढ़ाई में लगने वाली सभी पुस्तकें उन्हें भेंट करेगी। कार्यक्रम में विद्यालय टॉपर बहन साक्षी चौबे, आर्यन विभूति, अभिभावक गिरजा पांडेय, ब्रजेश कुमार चौबे एवं आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।



### सम्मानित विद्यार्थी

साक्षी चौबे, निशीबाला चौबे, प्रिया कुमारी, आर्यन विभूति, माही राज , मुस्कान कुमारी, आरूषी कुमारी ,शिवराज प्रसाद, मुस्कान सिंह, रागिनी कुमारी, ज्योति प्रिया, पलक पांडेय के नाम शामिल हैं। सभी भैया बहनों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र और डायरी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के सभी वाहन चालकों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले वाहन चालक- मुकेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार सिन्हा, राजा तिवारी, अनूप कुमार, मुस्लिम, गौरव कुमार, बसंत यादव, कमलेश यादव, मिथिलेश कुमार, कमलेश कुमार श्रीवास्तव

### समारोह में मौजूद

कार्यक्रम में अभिभावक राकेश कुमार सिंह, युवराज प्रसाद, प्रभा देवी, उमा सिंह, सुजाता देवी, जितेंद्र कुमार, मनोज पाल आचार्य कौशलेंद्र झा, नीरज कुमार सिंह, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, नंदलाल पांडेय, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी, अंकित जैन, सत्येंद्र प्रजापति, कृष्ण कुमार पांडेय, उमेश कुमार, प्रसून कुमार, प्रदीप कुमार, आचार्य नीति कुमारी, प्रियंवदा, प्राची चौबे, रेनू पाठक सलोनी, नेहा समेत कई लोग मौजूद थे।

## देसी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के चैनपुर थाना पुलिस ने एक देसी कट्टा के साथ तीन युवकों को बुधवार को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान सेमरा के खरोह टोला के अख्तर अंसारी, मुमताज अंसारी एवं विजय कुमार के रूप में हुई है। गुरूवार को सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी रीष्मा रमेशन को मिली गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गयी। चैनपुर थाना के प्रभारी श्रीराम शर्मा ने गुरूवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सेमरा के खरोह टोला एक बाइक पर सवार तीन अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम के फिराक में हैं और घूम रहे हैं। मामले की सूचना वरीय पदाधिकारी को एक टीम गठित कर उक्त जगह पर कार्रवाई की गयी, जहां एक बाइक पर सवार तीन लोगों को देखा गया। तीनों की जांच करने पर एक के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है।

## सामान्य प्रेक्षक ने आरओ सहित अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक की



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन के लिए आगामी 13 मई को मतदान होना है। इसी क्रम में चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने गुरूवार को विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने पलामू लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन से कुल नामांकन की जानकारी ली। बताया गया कि कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है। बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले की संख्या, पोस्टल बैलेट का स्ट्रांग रूम आदि की जानकारी ली। उन्होंने ईवीएम रेंडमाइजेशन, पोलिंग स्टाफ का रेंडमाइजेशन आदि से भी अवगत हुई। इसके अलावे उन्होंने नामांकन के सभी वीडियो रेकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया। उन्होंने सभी संबंधितों को आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुरूप व आरओ हैंडबुक में दिये गये मैनुअल्स के अनुसार ही सभी कार्य करने पर बल दिया।

## सीआरपीएफ डीआईजी सपरिवार पहुंचे चतुभुर्जी मंदिर



**केतार :** सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार प्रखंड के सुप्रसिद्ध मंदिर केतार चतुभुर्जी मंदिर में सपरिवार दर्शन करने पहुंचे। दर्शन करने के बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। मौके पर सीआरपीएफ डीआईजी ने कहा कि यहां आने के बाद सुख की अनुभूति हुई। यह मंदिर बहुत सुंदर है। यहां पर वातावरण शुद्ध है और बहुत साफ सफाई है। साथ ही उन्होंने मंदिर विकास समिति के सभी लोग सराहना की। मौके पर गढ़वा सीआरपीएफ कमांडेंट, मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहु, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, सचिव हेमंत पाठक, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# युवती की आत्महत्या मामले में पुलिस ने दो युवकों को भेजा जेल

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** मेराल थाना क्षेत्र के तेनार गांव में तीन दिन पहले एक युवती द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनों एवं गांव वालों के दबाव के बाद युवती के प्रेमी के स्वीकारोक्ति बयान के बाद प्रेमी तथा उसके एक सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने छानबीन के बाद आरोपियों पर भादवि की धारा-302, 376 (डी) (ए) / 120 (बी) एवं 6 पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी रंजन कुमार 19 वर्ष पिता दशरथ राम तथा विजय बैठा पिता रामचंद्र बैठा को जेल भेज दिया है। बता दें कि बीते रविवार की देर शाम में तेनार गांव के शिव कुमार बैठा की पुत्री पुष्पा कुमारी (काल्पनिक नाम) 14 वर्ष की शव अपने ही घर में फांसी के फंदे में झूलता हुआ पाया गया था। गांव वालों के अनुसार जब युवती के माता-पिता किसी रिश्तेदार के घर शादी विवाह में गये थे इसका फायदा उठाकर प्रेमी ने उसके घर घुसा था, इसके बाद युवती का शव देर रात्रि में फंदे से झूलता हुआ पाया गया था। पुलिस सभी दृष्टिकोण से जांच कर रही है।

## विशुनपुरा के राजस्व उप निरीक्षक ने बीडीओ पर लगाया नशे में धुत होकर मारपीट करने का आरोप

**विशुनपुरा :** विशुनपुरा अंचल के राजस्व उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने नशे में धुत होकर बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर उन्होंने डीसी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना को लेकर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने विशुनपुरा पहुंच मामले की जांच की। राजस्व उपनिरीक्षक ने डीसी को दिये आवेदन में कहा है की वे प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कर्मचारी आवास में रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहे हैं। मंगलवार की रात करीब 11:30 बजे बीडीओ मेरे आवास के मुख्य दरवाजा को तोड़कर निवास कक्ष में




घुस गये तथा नशे की हालत में गाली गलौज करते हुये मेरे साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। साथ ही मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, सर्विस खराब करने, इलेक्शन ड्यूटी के नाम पर फंसाने के साथ एससीएसटी एक्ट मे फंसाने की धमकी दी। बताया की इन सभी घटनाओं को अपने अंचल कर्मियों के साथ इसकी सूचना अपर समाहर्ता व वरीय पदाधिकारी को दिया है। जिसे लेकर एसडीओ ने मामले की जांच की। जांच के दौरान भी बीडीओ द्वारा मारपीट करने की धमकी भी एसडीओ के सामने दिया गया। इन घटनाओं से वे शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से उचित कार्रवाई करते हुये अन्य अंचल में स्थानांतरण करने की मांग की है। उधर इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर मारपीट की घटना को लेकर जांच कर अग्रेतर कार्रवाई के लिये जिला को पत्राचार किया गया है।

## आरएमडी सेल के टाईम ऑफिस के समीप से महिला का शव बरामद

# हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के तुलसीदामर में स्थित आरएमडी सेल के टाईम ऑफिस से 50 मीटर की दूरी पर गुरुवार की सुबह झाड़ी में एक महिला का शव पाया गया। हालाकि शव मिलने के कुछ घन्टे बाद महिला की पहचान थाना क्षेत्र के बारोडीह गांव निवासी प्रमोद चौधरी की 40 वर्षीय पत्नी चंपा देवी के रूप में की गई। शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गई। आस पास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

### एक दिन पूर्व पति ने दर्ज कराया था गुमशुदी का मामला

मृतिका के पति प्रमोद चौधरी ने स्थानीय थाना में बुधवार को आवेदन देकर पत्नी की गुमशुदी का मामला दर्ज कराया था। दिये आवेदन के माध्यम से बताया था कि उसकी पत्नी शादी समारोह में खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी गांव जाने के लिये घर से निकली थी। देर शाम जब वह फोन कर अपनी पत्नी का जानकारी लिया तो पता चला की पत्नी पहुंची ही नहीं है। उसने कई रिश्तेदार के यहां भी जानकारी लिया लेकिन कोई पता नहीं चला। उसने दिये आवेदन के माध्यम से बताया की 2018 में थाना क्षेत्र के मंगरदह गांव निवासी रमेश चंद्रवंशी के पुत्र विकास और अनूप के द्वारा मेरे लड़की के साथ ब्लैकमेल के मामले में हुये केस को वापस लेने की धमकी दी जा रही थी। संभवतः उन लोगों द्वारा ही मेरी पत्नी को गायब किया गया है।

### पति के बयान पर हत्या का केस दर्ज

मृतिका के पति प्रमोद चौधरी के बयान पर थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। फर्द बयान में मृतिका के पति ने बताया की पत्नी शादी समारोह में राजी अपने मायके के लिये निकली थी। 2018 में स्थानीय थाना में एक मुकदमा दर्ज कराया था जिसमे मंगरदह गांव के रूबी देवी, विकास कुमार एवं अनूप कुमार हमेशा मुकदमा हटाने को लेकर धमकी दिया करते थे। मेरी पत्नी उसकी धमकी से जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। गुरुवार की सुबह जानकारी मिला की मेरी पत्नी का शव तुलसीदामर जंगल में मिला है। जिसकी हमने पहचान की है।

## वंचितो-शोषितों के नेता हैं कामेश्वर बैठा, जीत होगी पक्की : शिवकुमार विश्वकर्मा



**मेराल :** पलामू लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा वंचितो-शोषितों के नेता हैं, चुनाव में जीत पक्की होगी। उक्त बातें पार्टी के प्रदेश सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कही। उन्होंने कहा कि श्री बैठा झारखंड-बिहार में शोषितों वंषितों के लिये लंबे समय तक लड़ाई लड़ी है। श्री बैठा बसपा के टिकट पर सर्वप्रथम 2007 में पलामू लोकसभा से चुनाव लड़े थे, तब भाजपा और राजद को कड़ी टक्कर दी थी। उसी जनाधार के बदौलत 2009 में वे सांसद बने थे। शिवकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि बसपा का कैडर पर आज भी मजबूत पकड़ है। कामेश्वर बैठा के मैदान में आने से कार्यकताओं का जोश दो गुना हो गया है। सर्वजन समाज के हितों की बात करने वाली पार्टी बसपा को चुनाव में अपार समर्थन मिल रहा है, जिससे पार्टी प्रत्याशी की जीत पक्की होगी।






# वोट की ताकत से देश विरोधी मानसिकता वालों को दें कड़ा संदेश : प्रधानमंत्री मोदी

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को शाहजहांपुर में हुंकार भरते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे वोट की ताकत से देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को कड़ा संदेश दें। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव सामान्य नहीं बल्कि ऐतिहासिक है। जनसभा में उपस्थित लोगों का उत्साह देखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रांतिकारियों की यह धरती और यहां के लोगों ने यह तय कर लिया है कि इस बार फिर मोदी सरकार बनेगी। मोदी ने कहा कि सपा सरकार में यहां योजनाएं ठप पड़ी रहीं। सड़क, कानून व्यवस्था, बिजली व्यवस्था हो फिर चाहें स्वस्थ्य सेवा हों, सभी कुछ ठप पड़ा था। योगी सरकार आते ही ठप योजनाएं चल पड़ी और विकास का पहिया दौड़ पड़ा। आज यहां एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेस आदि हाइवे गुजर रहे हैं। लखनऊ-दिल्ली की लम्बी दूरी कम होने से शाहजहांपुर डिफेंस कॉरिडोर से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि जरी जरदोजी के काम को एक जिला एक उत्पाद योजना से जोड़ने से इस काम में लगे कारीगरों



को लाभ मिलेगा। योगी सराकर में यहां के किसानों की भी किस्मत चमकी। गन्ना किसानों को समय से गन्ने का भुगतान हो रहा है। एथनॉल की दो इकाइयां स्थापित की गई। उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर कहा कि दो लड़कों की जोड़ी जो फ्लॉप हो चुकी है। उनसे कैसे विकास की उम्मीद की सकती है। जबकि युवा,महिलाएं,गरीब और किसान भाजपा सरकार के लिए पहली प्रथमिकता है। सरकार ने चार करोड़ पीएम आवास दिए इनमें अधिकतर मकान महिलाएं के नाम पर बने हैं। शौचालय, उज्ववला योजना, जल जीवन मिशन योजना से महिलाओं में जीवन में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी कि गारन्टी है कि सरकार बनी तो तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। मोदी ने कहा कि सपा कांग्रेस ने कभी अपने कार्यकाल का हिसाब नहीं दिया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस, सपा के कार्यकाल में आतंकवादी घटनाएं हुई। बम धमाके हुए। जबकि भाजपा कार्यकाल का सारा हिसाब जनता के सामने है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज बनवाए और रामलला में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के मरने पर कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आंसू बहाती हैं। सपा सरकार में आतंकवादियों को जेल से रिहा कराने के लिए कानूनी रास्ते तलाश जाते थे। सपा और कांग्रेस ने राममंदिर का निर्माण न हो, इसके लिए की जतन किए। इसके बाद भी सबकुछ भुलाकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमन्त्रण दिया। लेकिन उन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की पहचान है कि जब उन्हें कोई कुकृत्य करना होता है तो वो देश और संविधान के नाम पर हो-हल्ला करने लगते हैं। कांग्रेस ने 70 के दशक में देश में आपातकाल लगाया और लाखों लोकतंत्र प्रेमियों को जेल में बंद कर दिया। बोलने पर लोगों को जेल जाने का डर लगता था। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सराकर ने पिछड़े वर्ग आरक्षण से कटौती कर मुस्लिमों को रातों-रातों पिछड़ा घोषित कर दिया। कांग्रेस पूरे देश में इस मॉडल को लाना चाहती है।

## खड़गे ने मोदी को लिखा पत्र, मांगा समय, बताना चाहते हैं क्या है पार्टी के न्याय पत्र में

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मिलकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को समझाना की इच्छा जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आदतन कुछ शब्दों को उठाकर अप्रासंगिक विषय बनाकर सांप्रदायिक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं। इससे वे अपने पद की गरिमा को गिरा रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि उनके सलाहकार उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में नहीं लिखा गया है जबकि कांग्रेस न्याय पत्र का लक्ष्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें मिलकर कांग्रेस का घोषणा पत्र समझाने में खुशी होगी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र को सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट पर टैग किया है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखा है कि वे आपके(प्रधानमंत्री) पिछ्ले कुछ दिनों के भाषणों से न तो हैरान हैं और न ही आश्चर्यचकित हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि चुनाव के पहले चरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन देखने के बाद आप और आपकी पार्टी के अन्य नेता इसी तरह बोलना शुरू करेंगे। उन्होंने



लिखा है कि कांग्रेस गरीबों और उनके अधिकारों (न्याय) की बात करती रही है। आपकी सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है।

खड़गे ने लिखा है कि आपकी सूट-बूट की सरकार उन कॉरपोरेट्स के लिए काम करती है जिनका टैक्स (कर) कम किया गया है, जबकि वेतनभोगी वर्ग अधिक कर चुकाता है। गरीब जीएसटी का भुगतान करते हैं और अमीर कॉरपोरेट जीएसटी रिफंड का दावा करते हैं। इसीलिए जब हम अमीर और गरीब के बीच असमानता की बात करते हैं, तो आप जानबूझकर इसे हिंदू और मुस्लिम से जोड़ रहे हैं। हमारा घोषणापत्र गरीबों के लिए है चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम या ईसाई या सिख। अपने पूर्व सहयोगियों की तरह देश को बांटने की कोशिश न करें।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा है कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबों को सशक्त बनाने का काम किया है और आपने गरीबों की कमाई और संपत्ति छीनने का शासन किया है। आपकी सरकार वह थी जिसने गरीबों द्वारा बैंकों में जमा किए गए धन को ऋण के रूप में अमीरों को हस्तांतरित करने के लिए नोटबंदी को संगठित लूट और वैध लूटऱ के रूप में इस्तेमाल किया था। तब ये ऋण आपकी सरकार द्वारा माफ कर दिए गए थे। आपकी सरकार ने 2014 के बाद से जो लाखों करोड़ रुपये के कॉरपोरेट ऋण माफ किए हैं, वह गरीबों से अमीरों की ओर धन का हस्तांतरण है। आपके द्वारा किसी भी किसान का कर्ज माफ नहीं किया गया।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे लिखा है कि आप और आपकी सरकार देश में गरीब और पिछड़ी महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों से बार-बार मुंह मोड़ती रही है। आज उनके मंगलसूत्र के बारे में आप बात करते हैं। क्या मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार, दलित लड़कियों पर अत्याचार, बलात्कारियों को माला पहनाने के लिए आपकी सरकार ज़िम्मेदार नहीं है? जब आपकी सरकार में किसान आत्महत्या कर रहे हैं, तो आप उनकी पत्नियों और बच्चों की सुरक्षा कैसे कर रहे हैं? कृपया नारी न्याय के बारे में पढ़ें जिसे हम सत्ता में आने पर लागू करेंगे।

# हार के भय से भ्रमित कर रहे हैं मोदी : जयराम रमेश

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से श्री मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विरासत कर का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी उन मुद्दों को सामने ला रहे हैं



जिनका कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के रुख से साफ है कि भाजपा की सीटों में भारी गिरावट आने वाली है। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपनी चुनावी पार्टी के नारों में भी बदलाव किया है और 400 पार और मोदी की गारंटी का नारा लगाना भी बंद हो गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की आवाज सुनने के बाद न्याय पत्र तैयार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है और समाज में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा, अपनी पांच न्याय 25 गारंटी के साथ, हम यह लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और चार जून को हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनाएंगे।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी के लिए न्याय , आर्थिक और सामाजिक समानता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी।

## मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने पार्टियों को नोटिस भेजे

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय- समय पर जारी निदेर्शों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीखतक जवाब मांगा है। आयोग ने श्री गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में श्री मोदी या श्री गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है, लेकिन उनके खिलाफ शिकायतों को नोटिस के साथ जरूर भेजा है। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 का उल्लेख करते हुये इन पार्टियों के स्टार प्रचारकों को आदर्श चुनाव अचार संहिता और उनके लिये आयोग द्वारा तय किये गये मानकों की जवाबदेही पार्टी अध्यक्षों पर डाली है। आयोग ने कहा है कि अपने प्रत्याशियों, खास कर स्टार प्रचारकों के कामों के प्रति पहली जवाबदेही राजनीतिक दलों की ही होनी चाहिये।

## मोदी की झूठ की वाणी की गूंज में ठप पड़ी विकास की गाड़ी : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में रेडियो टीवी के माध्यम से सिर्फ झूठ की वाणी ही प्रसारित तथा प्रचारित होती रही और विकास की गाड़ी का पहिया ठप पड़ गया है। गांधी ने कहा, टीवी-रेडियो हर जगह, गूंजती रही झूठ की वाणी, थम गए तरक्की के पहिए, ठप पड़ गई विकास की गाड़ी। परिवर्तन की आहट सुनिए, कांग्रेस को चुनिए। उन्होंने कांग्रेस की सरकार आने पर जनता को मिलने वाली गारंटी का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस की गारंटी, हिंदुस्तानियों की सरकार। महिलाओं को 8,500 रुपये माह, युवाओं को एक लाख रुपए साल की नौकरी, 30 लाख रिक्तियों पर भर्ती, किसानों को कानूनी एमएसपी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के वादे पर तंज करते हुए उन्होंने कहा मोदी की गारंटी- अडानियों की सरकार- देश की संपत्ति



अरबपतियों की जेब मे, चंदे के धंधे वाली वसूली गैंग, संविधान और लोकतंत्र खतम,किसान पाई-पाई का मोहताज। उन्होंने आगे कहा फर्क साफ है-कांग्रेस हिंदुस्तान में करोड़ों लखपति बनाएगी और मोदी जी जानते हैं कि इलेक्शन उनके हाथ से निकल गया है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)